# सपोर्ट फॉर इम्प्लीमेन्टेशन एण्ड रिसर्च (SIR), लखनऊ
## ग्रामीण सुरक्षित स्वच्छता कार्यक्रम

**सपोर्ट फॉर इम्प्लीमेन्टेशन एण्ड रिसर्च (SIR), एवं फिनिश सोसायटी** द्वारा संचालित फिनिश प्रोग्राम (ग्रामीण सुरक्षित स्वच्छता कार्यक्रम) अभियान के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले समुदाय के लिए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के प्रति जागरूक कर तकनीकी आधारित शौचालय निर्माण हेतु प्रेरित करना ताकि शौचालय के अभाव में प्रभावित करने वाली बीमारियों जैसे पीलिया, डायरिया हैजा आदि नियंत्रित किया जा सके साथ ही असामाजिक तत्वों, जानवरों, जहरीले कीड़ों के प्रभाव के जोखिम को कम किया जा सके तथा सम्मान के साथ जीवन यापन कर सकें।

इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को खुले में शौच करने की मजबूरियों से मुक्त कराने के लिए व्यक्तिगत/सामूहिक शौचालयों के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। लेकिन समुदाय की परम्परागत रूढ़िवादी विचार धाराओं के कारण आ रही रूकावटों के प्रति हम सबकों मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

**कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य**

- ☞ समुदाय को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता व्यवहारों के प्रति जागरूक करना।
- ☞ सभी घरों में शत प्रतिशत शौचालयों का तकनीकी आधार पर निर्माण हो।
- ☞ शतप्रतिशत समुदाय शौचालय का उपयोग करें।
- ☞ निर्मल भारत अभियान अन्तर्गत संचालित समस्त गतिविधियों में सहयोग करना।

**मुख्य गतिविधियां**

- ☞ चयनित क्षेत्र में ग्राम पंचायत स्तर पर सामुदायिक उत्प्रेरक का चयन।
- ☞ सामुदायिक स्वच्छता संगोष्ठियों द्वारा समुदाय को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता, शौचालय के निर्माण हेतु मांग बढ़ाना तकनीकी आधारित शौचालय के निर्माण में निगरानी तथा निर्मित शौचालय के शत प्रतिशत उपयोग हेतु समुदाय को जागरूक करना।
- ☞ निर्मल लोहिया ग्रामों सहित अन्य ग्रामों में भी समुदाय को जागरूक कर शौचालय के निर्माण हेतु प्रशासन से पैरवी।

**योजना के लाभार्थी**

- ☞ प्रत्येक घर में शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- ☞ प्रत्येक बी.पी.एल. परिवार एवं ए.पी.एल परिवार जैसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, लघु एवं सीमांत, किसान, भूमिहीन कृषि मजदूर जिनके पास रहने के लिए आवास भूमि है। निःसत्य एवं महिला मुखिया परिवार को इस योजना के लाभार्थी होगें।

**योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली सहायता राशि**

प्रत्येक परिवार में शौचालय निर्माण हेतु धन आवंटन-यह राशि रू0 4500/- से बढ़ाकर रूपये 9900 कर दी गई है। इसमें से रूपया 4500/- मनरेगा से उपलब्ध किया जायेगा तथा प्रत्येक बी.पी.एल परिवार को शौचालय निर्माण हेतु रू0 4600 सहायता दी जायेगी, (जिसमें रू0 3200 केन्द्र सरकार और

रूपया 1400 राज्य सरकार की सहयोग राशि होगी) लाभान्वित परिवार रूपये 900/- शौचालय निर्माण में नगद अथवा श्रम के रूप में व्यय करेगा।

**इन्दिरा आवास मे शौचालय**

इन्दिरा आवास योजना का लाभ लेने हेतु शौचालय का निर्माण आवश्यक शर्त होगी। वे सभी गृह जो इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत अथवा राज्य सरकार के अन्य आवास योजनाओं के अन्तर्गत निर्मित हुए हैं तथा वे भी आवास जिसमें शौचालय नहीं बने है वे सभी प्रोत्साहन सहायता राशि के लिए हकदार होगें।

**विद्यालय में शौचालय**

प्रत्येक विद्यालय में शौचालय के निर्माण हेतु राशि रु0 3500/- प्रति इकाई खर्च हेतु उपलब्ध कराई जायेगी। केन्द्र एवं राज्य के सहयोग राशि का अनुपात-70:30 होगा।

**आगंनबाड़ी में शौचालय**

प्रत्येक आगंनबाड़ी में शौचालय के निर्माण हेतु राशि रु0 8000/- प्रति इकाई से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसमें रूपये 5600 केन्द्र सरकार द्वारा प्राप्त होगी । शेष राशि राज्य सरकार द्वारा पंचायत मनरेगा के अन्तर्गत वाहन की जायेगी।

**आप किससे सम्पर्क कर सकते हैं?**

जिला पंचायत राज्य विभाग द्वारा जिले में एक स्वच्छता प्रेरक/स्वच्छता समन्वयक की नियुक्ति की गई है समन्वयक पंचायत को खुले में शौच से मुक्त कर निर्मल ग्राम पंचायत बनाने के लिए मदद करेगें। स्थानीय आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुरक्षित शौच के संदेश का प्रचार प्रसार करेगी। प्रत्येक आशा सहजकर्ता को एक घर में एक शौचालय निर्माण सुनिश्चित कराने पर रूपये 75/- प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी।

**सपोर्ट फॉर इम्प्लीमेन्टेशन एण्ड रिसर्च (SIR),** द्वारा चयनित सामुदायिक उत्प्रेरक (परियोजना क्षेत्र में) से शौचालय निर्माण हेतु सहायता एवं तकनीकी की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।


**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें--**

## सपोर्ट फॉर इम्प्लीमेन्टेशन एण्ड रिसर्च (SIR)

**एस-4, द्वित्तीय तल, करामत काम्प्लेक्स, निशातगंज, लखनऊ-226006**

**फोनः** 0522-2334725, 4062608, 9415021766

*E-mail:* ***sirworld@rediffmail.com***

*Website:* ***www.sirworld.org***